### खबर संक्षेप

#### बिना वैध दस्तावेज के दौड़ रहे 3 ट्रक किये गये जब्त

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर आरटीओ द्वारा जिले में वाहनों की सघन जांच की जा रही है। इसी कड़ी में जांच के दौरान बिना वैध दस्तावेजों के परिवहन कर रहे तीन ट्रकों को जब्त कर बड़वारा एवं कुठला पुलिस थानों में सुरक्षित रखा गया है। परिवहन विभाग की टीम द्वारा जांच के दौरान ट्रक एमपी 21 जी 0850 का फिटनेस, परमिट, बीमा और कर बकाया पाया। जिसकी कुल राशि 2 लाख 49 हजार 408 रूपये है। इसी प्रकार ट्रक एमपी 21 एच 0475 ट्रक का भी फिटनेस, परमिट, बीमा और कर जमा नहीं था, जिसकी कुल बकाया राशि 30 हजार 528 रूपये है। वहीं ट्रक एमपी 34 एच 8786 का भी फिटनेस वैध नहीं पाया गया, जिसके बाद इसका नियमानुसार शुल्क जमा कराया गया। जबकि दो अन्य ट्रकों के मालिकों द्वारा सभी तय शुल्क की राशि जमा नहीं कराई गई है। यह कार्यवाही परिवहन विभाग के राजबहोर कोल के नेतृत्व में की गई।

#### वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण 4 अगस्त को

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर ई.व्ही.एम. एवं व्हीव्हीपैट के जिला स्तरीय वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण 4 अगस्त को दोपहर 3 बजे राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों की मौजूदगी में किया जायेगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते ने भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जिलाध्यक्ष करण सिंह चौहान, बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष जागीर सिंह भट्टी एवं आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह सेंगर से निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

#### किसान सम्मान निधि की किस्त आज होगी जारी

**कटनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश के वाराणसी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 2 अगस्त को कटनी जिले के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त का अंतरण करेंगे। इस दिन को 'पीएम किसान दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में कटनी कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। इसमें सांसद, सभी विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को भी आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण लिंक पर किया जाएगा, जिसे कलेक्ट्रेट के एनआईसी वीडियो कॉन्फ्रेंस रूम में देखा जा सकेगा। इस कार्यक्रम में जिला और ब्लॉक स्तर पर सांसद, विधायक और अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के प्रसारण के लिए जिला और ब्लॉक स्तर पर प्रोजेक्टर और बड़ी स्क्रीन की व्यवस्था की गई है।, साथ ही ग्राम पंचायतों में भी प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम में पटवारियों, जिन्हें योजना के तहत ग्राम नोडल अधिकारी बनाया गया है, को भी वर्चुअली शामिल किया जाएगा। वे संबंधित किसानों को भी कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़ने के लिए प्रेरित करेंगे और उन्हें ई-केवाईसी, आधार और बैंक खाता लिंकिंग जैसी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करेंगे।

#### क्यूआर कोड आधारित मुफ्त पिकअप सेवा

**कटनी।** रक्षाबंधन के पावन पर्व को और भी सुविधाजनक बनाने के लिए प्रधान डाकघर कटनी ने एक अभिनव पहल की है। अब बहनों को राखी भेजने के लिए डाकघर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। प्रधान डाकघर कटनी ने राखी डाक पार्सल एवं स्पीड पोस्ट की मुफ्त पिकअप सेवा शुरू की है। जिसमें क्यूआर कोड स्कैन कर या व्हाट्सएप पर संदेश भेजकर घर बैठे राखी बुक कराई जा सकेगी। इस खास सुविधा के तहत, बहनें दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर सीधे पोस्टमास्टर से व्हाट्सएप पर जुड़ सकती हैं। इसके बाद, पोस्टमैन स्वयं उनके घर आकर राखी पार्सल और स्पीड पोस्ट पिकअप करेंगे।

### रक्षाबंधन के लिए महज एक सप्ताह का समय शेष, 9 अगस्त को मनाया जाएगा पर्व

## रक्षाबंधन पर्व को लेकर सजा बाजार खरीदारी करने उमड़ने लगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



रक्षाबंधन पर्व को लेकर बाजार सज गए हैं। खरीदारी करने बाजार में भीड़ भी उमड़ने लगी है। रक्षाबंधन पर्व के लिए एक सप्ताह का समय ही शेष है। पर्व की तैयारियों को लेकर खरीदारी करने बाजार में लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है। शहर के मुख्य बाजार में राखी, रूमाल की दुकाने सज गई हैं। ग्राहकी से बाजार गुलजार नजर आ रहा है। पर्व की तैयारियों को लेकर बहनें खरीदारी करती नजर आ रही हैं।

रक्षाबंधन का त्योहार हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखता है। रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम और सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है। इस खास दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर रंग-बिरंगे धागे या रक्षा सूत्र बांधती हैं, जो सिर्फ एक रेशम या धागे का बंधन नहीं, बल्कि जीवन भर के लिए सुरक्षा, प्रेम और साथ निभाने का वचन होता है। बदले में भाई अपनी बहन की सुरक्षा और सुख-शांति का भरोसा दिलाते हैं। यह पर्व परिवार में प्यार, सौहार्द और मेलजोल को बढ़ावा देता है। रक्षाबंधन का पर्व हर साल सावन माह की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। इसे राखी और राखी पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन बहनें अपने भाई के माथे पर टीका और आरती उतारते हुए कलाई पर राखी बांधती हैं और भाईयों की लंबी आयु, सुख-समृद्धि, धन,वैभव की कामना करती हैं। बहन के राखी बांधने के बदले में भाई उसे तोहफे और जीवन भर रक्षा का वचन देता है।

ज्योतिषाचार्य एवं पंचाग के जानकारों के अनुसार रक्षाबंधन 9 अगस्त, शनिवार को मनाया जाएगा। पूर्णिमा तिथि 8 अगस्त को दोपहर 2:12 बजे शुरू होगी और 9 अगस्त को दोपहर 1:24 बजे समाप्त होगी, इसलिए उदया तिथि के अनुसार 9 अगस्त को रक्षाबंधन मनाया जाएगा। पंचांग के अनुसार, इस बार रक्षाबंधन 9 अगस्त 2025 के दिन राखी बांधने के लिए शुभ समय काफी लंबा रहेगा। इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी सुबह 5:35 बजे से लेकर दोपहर 1:24 बजे तक बांध सकती हैं। इसके बाद भाद्रपद मास की प्रतिपदा तिथि आरंभ हो जाएगी, जो राखी बांधने के लिए शुभ नहीं मानी जाती है। इसलिए शुभ फल की कामना करते हुए इसी निर्धारित समय में राखी बांधना उत्तम माना जाएगा। 9 अगस्त के दिन राखी बांधने का शुभ मुहूर्त सुबह 5:39 बजे से दोपहर 1:24 बजे तक है।

जानकारों के अनुसार भद्राकाल 8 अगस्त को दोपहर 2:12 बजे से 9 अगस्त की सुबह 1:52 बजे तक रहेगा। चूंकि रक्षाबंधन 9 अगस्त को मनाया जा रहा है, और भद्राकाल सूर्योदय से पहले ही समाप्त हो चुकी होगी, इसलिए सुबह का समय पूरी तरह शुभ और सुरक्षित रहेगा। भद्राकाल में राखी बांधना माना जाता है। अशुभ रक्षाबंधन से जुड़ी एक खास बात बहुत कम लोगों को मालूम होता है कि भद्राकाल में बहन को अपने भाई के कलाई पर राखी नहीं बांधनी चाहिए। शास्त्र और मुहूर्त शास्त्र में भद्राकाल को अशुभ माना गया है।



## तलैया में सांस रोककर घंटों तैरते रहे संत, दृश्य देखने उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

मैहर बड़ा अखाड़ा के प्रसिद्ध संत रामसखा महाराज ने शुक्रवार को उमरियापान क्षेत्र के क्यूली तलैया में आध्यात्मिक शक्ति से परिपूर्ण साधना करते हुए जल में तैरते हुए समाधि ली। संत महाराज बिना किसी सहारे के एक ही आसन में लगातार कई घंटे तक पानी में स्थिर तैरते रहे।तालाब के पास सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण जुटे रहे, जिनमें कई लोग तो संत के इस अलौकिक क्रिया को देखकर स्तब्ध रह गए।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि संत महाराज ने सांस को थामे हुए जल में बिना हिले-डुले समाधिस्थ रहे। संत महाराज से जुड़े श्रद्धालु राममिलन सोनी,जगदीश सोनी, मगन चौरसिया, नंदू असाटी, विजय सोनी, विक्की सोनी,मुकेश चौरसिया सहित उपस्थित लोगों ने बताया कि संत रामसखा महाराज (80)मैहर के बड़ा अखाड़ा से जुड़े हुए हैं और पहले भी कई बार अपने कठोर तप, योग व ध्यान की विधियों से चर्चाओं में रह चुके हैं।संत महाराज गुरुवार को उमरियापान के भरभरा आश्रम पहुँचे थे, उसके बाद वे शुक्रवार सुबह उमरियापान पहुँचे।

संत महाराज जैसे ही पानी से बाहर निकले,उन्होंने शंकर भगवान का पूजन किया। इसके बाद ग्रामीणों ने बारी बारी से संत महाराज के दर्शन कर दक्षिणा अर्पित की और आशीर्वाद प्राप्त किया।इसके पश्चात संत महाराज नगर में श्रद्धालुओं के घर भी पहुँचे,जहा श्रद्धालुओं ने उनका स्वागत सत्कार किया।

### घायल ने कहा 7 ने किया हमला, पुलिस ने तीन पर ही दर्ज किया मामला

## चौकीदार पर हमले के मामले में सही कार्यवाही नहीं करने के लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



ग्राम पंचायत पड़वार में संचालित मुख्यमंत्री गौ सेवा योजना अन्नपूर्णा गौशाला में 26 जुलाई की रात चौकीदार संतोष यादव पिता कैलाश यादव 32 वर्ष निवासी पड़वार पर कुल्हाड़ी से हमला कर लहूलुहान किया गया था।

घायल व्यक्ति के शोर शराबे से लोग गौशाला पहुंचें तब तक हमालावर भाग खडे हुए थे जिसके बाद रात्रि में ही घायल को लोगों की सहायता से स्लीमनाबाद थाना लाया गया जहाँ शिकायत दर्ज कराई गईं। तीन हमालावारो के खिलाफ स्लीमनाबाद पुलिस ने बीएनएस की धारा 436/25, 296, 115(2), 351(3), 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज की।

पीड़ित का कहना है कि पुलिस ने राजनैतिक दवाब के फेर में तीन व्यक्तियों पर ही मामला दर्ज किया है। घायल चौकीदार संतोष यादव व स्वसहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि 26 जुलाई की रात पड़वार गौशाला मै पड़वार गाँव के ही जायसवाल समाज के सत्यम जायसवाल, रवि जायसवाल, दस्सी जायसवाल, राजा जायसवाल, बबलू जायसवाल, चुनी जायसवाल व हर्ष जायसवाल ने मवेशियों को लेकर मारपीट की थी चौकीदार संतोष यादव के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर लहुलुहान कर दिया था ओर भाग खडे थे।

स्लीमनाबाद पुलिस के द्वारा राजनैतिक दवाब के चलते इन चार लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। पीड़ित का कहना है कि न्याय नहीं मिलने पर पुलिस अधीक्षक का दरवाजा खटखटाया जायेगा।

#### इनका कहना है

इस संबंध में थाना प्रभारी स्लीमनाबाद अखलेश दाहिया ने बताया कि पड़वार गौशाला मै चौकीदार के साथ जो मारपीठ हुई थी उसमे पीड़ति ने जो बयान दिए थे उसमें तीन लोगों के नाम बताये थे जिस कारण तीनों लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गईं। सात लोगों के नाम की बात को लेकर पीड़ति जो आरोप लगा रहे है वह गलत है। मारपीट की घटना में यदि सात लोग शामिल है तो पीड़ित उनके खिलाफ भी शिकायत दर्ज कराये, कार्रवाई की जाएगी।

### हरियाली यात्रा निकाल पौधों संरक्षण का लिया संकल्प



ढीमरखेड़ा के डूंडी में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिर पर कलश और हाथों में पौधे लिए महिलाएं गांव की गलियों से गुजरते हुए यात्रा में शामिल हुईं। यात्रा के पश्चात महिलाओं को सामूहिक रूप से पौधे वितरित किए गए। साथ ही महिलाओं ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। इस मौके पर भजन–कीर्तन का सिलसिला चलता रहा। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने नवांकुर सखी योजना की जानकारी देते हुये महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में सेक्टर प्रभारी प्रकाशनाथ साहू, अंकित झारिया, कोदुलाल हल्दकार, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष अजय गुप्ता, विपेन्द्र नामदेव, आशीष नामदेव, मीना अग्रवाल, नीता विश्वकर्मा, शालिनी विश्वकर्मा, रश्मि चौधरी सहित महिलाओं व अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

## छात्राओं से कहा अगर कोई परेशान करें तो पुलिस को दें सूचना, होगी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



माधव नगर थाना प्रभारी अभिषेक चौबे अपनी टीम के साथ बालिका छात्रावास में जागरूकता अभियान चला कर छात्राओं से संवाद किया। थाना माधव नगर क्षेत्र में एलआईसी की बिल्डिंग के पीछे स्थित शासकीय अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के बालिका छात्रावास में पहुंचकर थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बालिकाओं से चर्चा की और उन्हें पुलिस को सूचना देने के लिए प्रेरित किया। उन्हें बताया कि उनके साथ होने वाली छेड़छाड़ की घटनाओ को पुलिस के साथ साझा करें, ताकि समय रहते ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। उनके छात्रावास, स्कूल, कॉलेज अथवा कोचिंग संस्थानों के आसपास घूमने वाले सामाजिक तत्वों एवं आवारा युवकों की सूचना भी पुलिस के साथ साझा करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी माधव नगर अभिषेक चौबे ने उन्हें शासकीय मोबाइल नंबर देकर भरोसा दिलाया कि उनके द्वारा दी गई गोपनीय सूचनाओं पर कार्रवाई भी की जाएगी और सूचनाकर्ता का नाम गोपनीय भी रखा जाएगा। बालिकाओं को साइबर फ्रॉड से बचने के उपाय भी थाना प्रभारी द्वारा बताए गए।

### अहिंसा का दिया गया संदेश, चढ़ाए गए निर्वाण लाडू

## मोक्ष सप्तमी पर भगवान पारसनाथ का भक्ति भाव से हुआ महा मस्तिकाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



जैन धर्म के 23 वे तीर्थंकर भगवान पारसनाथ का मोक्ष कल्याणक बहोरीबंद विकासखंड क्षेत्र के स्लीमनाबाद, बाकल ओर बहोरीबंद में सकल जैन समाज के द्वारा श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सकल जैन समाज द्वारा पारसनाथ जिनालय में प्रातः भक्ति भाव के साथ महिला एवं पुरुषों द्वारा बड़ी संख्या में पहुंचकर मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ का पूजनअभिषेक ,शांति धारा ,शांति विधान का कार्यक्रम सानंद संपन्न किया गया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से भगवान के निर्माणकल्याण के अवसर पर निर्माण कांड का पाठ कर निर्माण लाडू चढ़ाये गए। इस अवसर परस्वयं युवा मंडल ,बालिका मंडल ,महिला मंडल सहित सकल जैन समाज की उपस्थिति में संगीत मय आरती के कार्यक्रम किए गए ।

स्लीमनाबाद तहसील की ग्राम पंचायत तेवरी स्थित अजितनाथ दिगंबर जैन मंदिर मे मोक्ष सप्तमी यानि मुकुटसप्तमी महापर्व धूमधाम व भव्यता के साथ मनाया गया जहाँ विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। मुकुटसप्तमी के पावन अवसर पर श्री अजितनाथ दिगंबर जैन मंदिर तेवरी में पार्श्वनाथ भगवान का महामस्तकाभिषेक एवं शांतिधारा की गईं!जिसके उपरांत सभी भक्तों ने मिलकर संगीतमय पूजन और निर्वाण लाडू चढ़ाया गया।

इस कार्यक्रम में प्रथम कलश करने का सौभाग्य विवेक जैन एवं शांतिधारा करने का सौभाग्य अध्यक्ष डॉ जिनेन्द्र जैन, रमेश चंद्र जैन एवं वं श्री सुनील जैन को प्राप्त हुआ। वहीं निर्वाण लड्डु चढ़ाने का सौभाग्य संतोष जैन, जिनेन्द्र जैन एवं नरेन्द्र जैन को प्राप्त हुआ । रात्रि में भव्य संगीतमय महाआरती एवं भजन संध्या का आयोजन भी किया गया है। इन सभी कार्यक्रमों में सकल दिगम्बर जैन समाज, महिला मण्डल, नवयुवक मंडल एवं सभी नागरिकों को विशेष उपस्थिति रही।

### मिलेगी 2 लाख रूपये की प्रोत्साहन राशि, अस्पताल मे मनाई गईं खुशियाँ

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ने कायाकल्प में जिले में पाया पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद ने कायाकल्प मे जिले मे पहला स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के द्वारा हाल ही मे कायाकल्प मे चयनित सरकारी अस्पतालो की सूची जारी की जिसमें कटनी जिला मे स्लीमनाबाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहला स्थान हासिल करते हुए विनर की भूमिका निभाई। कायाकल्प मे चयनित होने व जिले मे पहला स्थान हासिल करने पर शुक्रवार को स्लीमनाबाद अस्पताल मे खुशियां मनाई गईं। अस्पताल स्टॉफ ने एक -दूसरे का मुंह मीठा किया ओर विक्ट्री साइन दिखाई(

इस दौरान चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवम दुबे, आशीष जैन ,सेक्टर सुपरवाइजर शिव ठाकुर, स्टाफ नर्स मीणा पटेल , श्रीजल वैष्णव अर्चना मसीह , पुष्पलता यादव, अमृता श्रीवास राकेश,जमुना पारस उपस्थित रहे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद के चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवम दुबे ने कहा कि स्लीमनाबाद के लिए यह ख़ुशी का पल है कि स्लीमनाबाद अस्पताल कायाकल्प में चयनित तो हुआ ही है साथ ही जिले मे पहला स्थान प्राप्त किया साथ ही कायाकल्प में राज्य स्तर पर पांचवा स्थान है। स्लीमनाबाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ने वर्ष 2024-25 कायाकल्प मै 95.9 प्रतिशत अंक हासिल किये है।

#### मापदंडों पर खरा उतरा

नवंबर 2024 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के द्वारा अस्पतालों के निरीक्षण के कायाकल्प की टीम भेजी थी जिसमे से कायाकल्प की टीम ने विभिन्न मापदंड जैसे साफ_सफाई,दवाई का रिकार्ड, स्वीपर से पोछा लगाने की विधि,जैविक कचड़ा का निष्कादन ,स्टॉफ का मरीजों के प्रति समर्पण, हर्बल वाटिका,अस्पताल तक पहुंच मार्ग,पार्किंग स्थान सहित अन्य बिंदु शामिल रहे।कायाकल्प की टीम के निरीक्षण उपरांत जांच रिपोर्ट राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को सोपी गई। इन सभी बिंदुओं पर शासकीय प्राथमिक खरा उतरा। जिसके परिणाम स्वरूप ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को कायाकल्प वर्ष 2024_25 के चयनित किया।

#### मिलेगी 2 लाख की राशि

कायाकल्प में चयनित होने व जिले में पहला स्थान हासिल कर विनर की भूमिका निभाने पर 2 लाख रुपए की राशि मिलेगी।उक्त राशि का 75 फीसदी अस्पताल व्यवस्था व 25 फीसदी अस्पताल स्टाफ का रहेगा। उक्त राशि को प्राप्त करने के लिए एनक्यूएएस के प्रमाणीकरण हेतु सक्षम पोर्टल पर आवेदन करना पड़ेगा यानि एनक्यूएएस प्रमाणित होना है। एनक्यूएएस प्रमाणित होते ही उक्त दो लाख रूपये की राशि प्राप्त होगी।

## स्वच्छता सेवा सम्मान समारोह एवं उत्साह वर्धन कार्यशाला का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2024-25 में कटनी नगर को राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर पर शिखर की पहचान दिलाने वाले नगर निगम के कर्मठ स्वच्छता मित्रों के सम्मान में स्वच्छता सेवा सम्मान समारोह एवं उत्साहवर्धन कार्यशाला का आयोजन शनिवार 2 अगस्त को प्रातः 9 बजे से शाम 4 बजे तक बस स्टैंड स्थित ऑडिटोरियम में किया गया है।

कार्यक्रम के दौरान नगर की स्वच्छता यात्रा के प्रेजेंटेशन के साथ ही पीआईयू जबलपुर एवं एनजीओ द्वारा सफाई मित्रों की क्षमतावर्धन हेतु कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा तत्पश्चात सर्वेक्षण की उपलब्धि, रणनीति, कार्ययोजना एवं अनुभव साझा किए जाकर उपस्थित अतिथियों द्वारा स्वच्छता मित्रों का सम्मान किया जाएगा।

निगमायुक्त नीलेश दुबे ने आयोजित कार्यक्रम की संपूर्ण कार्य व्यवस्था का प्रभारी आदेश जैन नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन एवं संजय सोनी प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी को नियुक्त किया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु निगम के अधिकारी को टेंट मंच एवं बैठक व्यवस्था, प्रतिभागियों का पंजीयन, अतिथियों का स्वागत एवं दीप प्रज्वलन, मंच संचालन, एल.ई.डी से प्रसारण पेयजल, आमंत्रण, प्रचार-प्रसार सफाई व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु पृथक-पृथक दायित्व सौंपे जाकर सहयोगी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। निगमायुक्त ने अधिकारियों को दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए है।

## खबर संक्षेप



### सुंदरता के लिए फूलदार पौधे का रोपण करने दिए निर्देश

**कटनी।** नगर निगम की हरित पहल को बढ़ावा देते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने शहर में स्थित बरगवां ओवरब्रिज के नीचे के स्थल का पैदल निरीक्षण कर बरगवां से चांडक चैक तक ब्रिज के नीचे उचित संभावित रिक्त स्थलों पर फूलदार एवं सुंदर पौधों का रोपण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य बीना बैनर्जी, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, वंदना राजकिशोर यादव नगर निगम के उपयंत्री संजय मिश्रा एवं मोना करेरा की मौजूदगी रही। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा है कि इन रिक्त स्थलों में फूलदार एवं सुंदर पौधों का रोपण हो जाने से न केवल हरियाली और शहर की सुंदरता में वृद्धि होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलेगा। महापौर श्रीमती सूरी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पौधारोपण के लिए उपयुक्त पौधों का चयन कर शीघ्र कार्य योजना तैयार करें और पौधों का रोपण करते हुए पौधों के संरक्षण और नियमित देखरेख की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। यह कदम शहर को स्वच्छ, सुंदर और हरित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

### झूलेलाल मंदिर से स्कूटर रैली कल निकलेगी

**कटनी।** भगवान झूलेलाल चालिहा महोत्सव की श्रृंखला में स्कूटर रैली का आयोजन 3 अगस्त को शाम 4 बजे से किया जा रहा है। इस रैली का आयोजन सुहिणा सिंधी ग्रुप द्वारा पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत कटनी के मार्गदर्शन तथा अनेक सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों के सहयोग से किया जा रहा है। स्कूटर रैली को लेकर समाज के युवा, महिलाएं और बच्चे सभी में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। रैली श्री झूलेलाल मंदिर, गुरुनानक वार्ड से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई दुबे कॉलोनी पहुंचेगी, जहां भव्य महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ इसका समापन होगा। रैली में सहभागिता देने वाले प्रमुख संगठनों में झूलेलाल सेवा समिति, झूलेलाल चालिहा समिति, सिंधु नोजवान मंडल, सिंधु सेवा समिति, सिंधी भावरण ग्रुप, सिंधु आदर्श सोसायटी, सुपर ग्रुप, वरुण संस्था, वरुण महिला मंडल, सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया, भारतीय सिंधु सभा एवं चालिहा महिला मंडल शामिल हैं।

### जिले में अब तक 703.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से शुक्रवार 1 अगस्त तक कुल 703.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 933.2 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 478.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 47 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 719.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 933.2 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 592 मिलीमीटर, बरही तहसील में 563 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 674.1 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 657 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 824.2 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 661.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार आवेदन की तिथि में वृद्धि

**कटनी।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2025 के लिये आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 अगस्त कर दी गई है। पूर्व में अंतिम तिथि 31 जुलाई थी। आवेदन प्रक्रिया राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल https://awards.gov.in पर प्रारंभ है।

---

स्लीमनाबाद से बंधी -पान उमरिया मार्ग से आवगमन बंद होने के कारण फजीहत

# वैकल्पिक मार्ग कीचड़ में हुआ तब्दील वाहन चालक आए दिन हो रहे चोटिल

## नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अधिकारियो को समस्या से नहीं कोई सरोकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



बरगी व्यपवर्तन परियोजना के तहत स्लीमनाबाद मे 12 किलोमीटर अंडर ग्राउंड टनल बनाई जा रही है जिसमें अप व डाउन स्ट्रीम की ओर खुदाई कार्य स्लीमनाबाद समीप पहुंच गया है। डाऊन स्ट्रीम की टीवीएम मशीन स्लीमनाबाद के पड़वार मार्ग मोहदापुरा पहुंच गई है। वहीं अप स्ट्रीम की टीवीएम मशीन का कार्य स्लीमनाबाद तिराहा के बंधी स्टेशन मार्ग पर चल रहा है। इसी मार्ग से बंधी स्टेशन व पान उमरिया, ढीमरखेडा के लिए आवागमन होता है लेकिन उक्त मार्ग के नीचे से होकर टीवीएम मशीन को खुदाई करते हुए आगे बढ़ना है, ऐसे मे किसी भी प्रकार का हादसा न हो उक्त मार्ग से आवागमन पर रोक लगा दी गईं।

आवागमन के लिए दो जगहों से वैकल्पिक व्यवस्था बनाई गईं है। दो पहिया वाहन चालक कंचनपुर के बाजू से सीधे कोहका मोड़ पहुंचकर स्लीमनाबाद तिराहा आएंगे ओर चार पहिया वाहन चालक सिहुडी गाँव के आगे इमालिया मोड़ के सामने छपरा मार्ग से होकर नेशनल हाइवे 30 पहुंचेंगे लेकिन बरसात के समय दो पहिया वाहन चालकों के आवागमन के लिए स्लीमनाबाद तिराहा के होन्डा एजेंसी से बंधी व पान उमरिया मार्ग पहुंचने जो वैकल्पिक मार्ग बनाया गया है उससे आवागमन करना बरसात के समय दुश्वार हो रहा है। दो पहिया वाहन तो ठीक चार पहिया वाहन भी इसी मार्ग से गुजर रहे है। बरसात के कारण एक किलोमीटर का पूरा वैकल्पिक मार्ग कीचड़ से सरोबोर है। मार्ग मे बड़े-बड़े गड्ढे हो गये है जिससे राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे है। स्थानीय जनों व राहगीरों ने उक्त वैकल्पिक मार्ग मे बारीकी गिट्टी बिछाकर दुरस्तीकरण करा दिया जाये जिससे आवागमन सुचारु रूप से हो सके।

### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीओ एनवीडीए दीपक मंडलोई का कहना है कि स्लीमनाबाद से बंधी मार्ग जो अंडर ग्राउंड टनल खुदाई के चलते बंद है, संभावना है कि सोमवार तक टनल मशीन खुदाई कर मार्ग के आगे निकल जाएगी फिर इसी मार्ग से आवागमन चालू कर दिया जायेगा। हालांकि वैकल्पिक मार्ग की जो समस्या आवागमन के दौरान आ रही है उसका निदान कराया जायेगा।

---



# पौधारोपण कर सुरक्षा करने का दिलाया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

ढीमरखेड़ा विकासखंड के बड़ी कारीपाथर में बुधवार को नवांकुर संस्था इमलिया के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित जनों ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए स्व.विजय सिंह को पुष्पांजलि अर्पित किया।इसके पश्चात शहीद के परिजनों और जन अभियान परिषद के अधिकारियों एवं सदस्यों ने बगिया में अलग अलग प्रजाति के पौधों का रोपण किया। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ.तेज सिंह केसवाल,विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने शहीद हवलदार विजय सिंह की पत्नि कुसुम देवी एवं पुत्र पंकज सिंह, शुभम सिंह और अंकित सिंह के द्वारा एक एक पौधें का रोपण कराया।पौधों की सुरक्षा का संकल्प दिलाया।परिवार के सदस्यों ने भी पौधा रोपण कर बेटे दिव्यांश सिंह का जन्मदिवस मनाया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने भी शहीद हवलदार को पुष्पांजलि अर्पित किया।

इस मौके सेक्टर प्रभारी कोदूलाल हल्दकार, सुमित सिंह ठाकुर,श्रीकांत पटेल, ध्यान सिंह, सीएमसीएलडीपी स्टूडेंट्स रुबी सिंह,शालिनी सिंह, सुधीर सिंह के अलावा माथुर सिंह ,मुहब्बत सिंह, मनमोहन सिंह, रमाकांत पटेल, नितिन सिंह सहित अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

---

सीएसपी ने किशोरियों को दी सारगर्भित जानकारियां

# जिला अस्पताल में शौर्या दल मास्टर्स ट्रेनर्स को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




महिला एवं बाल विकास भोपाल के निर्देश पर जिला अस्पताल कटनी के सभाकक्ष में शौर्या दल मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण सह कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास की जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रतिभा पाण्डेय ने प्रशिक्षणार्थियों को बाल एवं महिला हिंसा की रोकथाम हेतु कार्य करने एवं मास्टर ट्रेनर के रूप में सकारात्मक हस्ताक्षेप के माध्यम से परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया।

प्रशिक्षण सह कार्यशाला के प्रथम चरण में बहोरीबंद के परियोजना अधिकारी सतीश पटेल ने शौर्या दल के उद्देश्य, कार्यदायित्व, ज़र्लिं में शौर्या दल की संरचना, प्रशिक्षण के उद्देश्य एवं मास्टर ट्रेनर के उत्तरदायित्वों पर पीपीटी के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी। वहीं शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी की प्राचार्य डॉ चित्रा प्रभात द्वारा जेंडर की अवधारणा पर सत्र लिया गया। उन्होंने पीपीटी और लघु फिल्म के माध्यम से लिंग भेद, लिंग रूढ़िवादिता, लैंगिक भेदभाव एवं समाज में महिलाओं की स्थिति के इतिहास पर गहनता से जानकारी दी।

प्रशिक्षण सह कार्यशाला में नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पचीसिया द्वारा शौर्या दल सदस्य किशोरियों को आत्म रक्षा कौशल निर्माण, संरक्षण व्यवस्थाओं, हेल्प लाइन, पुलिस सहायता पर सारगर्भित जानकारी दी गई। उन्होंने बालिकाओं को आत्मविश्वास से विपरीत परिस्तिथियों का सामना करने की सीख दी और करियर निर्माण और आर्थिक आत्मनिर्भरता का महत्व बताया। जबकि बाल कल्याण समिति कटनी के अध्यक्ष योगेश बघेल एवं मनीष तिवारी द्वारा बाल संरक्षण, बाल हिंसा से बचाव, बाल कल्याण समिति एवं पॉक्सो अधिनियम 2012 पर प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा महिला बाल विकास की सहायक संचालक वनश्री कुर्वेती द्वारा बाल विवाह के कारण, रोकथाम, सम्बन्धित कानून, जागरूकता, प्रभावित बच्चों का पुनर्वास विषय पर शौर्या दल के सदस्यों से चर्चा की गई एवं कटनी शहरी की परियोजना अधिकारी अनुपमा आटे द्वारा शौर्या दल हेतु कार्ययोजना निर्माण एवं मास्टर ट्रेनर की भूमिका पर सत्र लिया गया। कार्यक्रम के समापन पर परियोजना अधिकारी द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

---

## बारिश में दलदल बना मार्ग, बच्चे एवं किसान परेशान



सिलौंडी से अम्हेटा पहुंच मार्ग की हालत बारिश के दिनों में बदतर हो चुकी है जिसके चलते किसान और अम्हेटा से सिलौंडी पढ़ने आने वाले छात्र छात्रा को बहुत दिक्कत हो रही है। कीचड़ की वजह से वाहनों के फिसलने से बच्चे और किसान घायल हो रहे है। किसान सतीश काछी, अजय काछी, रजनीश, अविनाश काछी ने बताया कि सिलौंडी से अम्हेटा जाने वाले मार्ग में लगभग सिलौंडी के 120 किसानों के खेत है। रोज ही किसानी के कार्य से अम्हेटा मार्ग जाना पड़ता है मार्ग बुरी तरह जर्जर होने के कारण पैदल और गाड़ी से जाने में बहुत परेशानी हो रही है । अनेक बार पंचायत को मांग दिया परंतु फंड ना होने का बहाना बनाकर सरपंच और सचिव अपनी जिम्मेदारी से विम्मुख हो रही है रोज पढ़ने आने वाले छात्र छात्रा को भी कीचड़ में आने जाने में दिक्कत हो रही है। ग्रामीण ने जल्द से जल्द अम्हेटा मार्ग बनाने की मांग की है।

---

कलेक्टर ई-केवाईसी कार्य की कर रहें सतत समीक्षा

# जिले के 11 लाख 31 हजार से अधिक नागरिकों की बनी समग्र ई-केवाईसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिल सके इस हेतु कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में अभियान चलाकर समग्र आईडी से आधार नंबर की ई-केवाईसी का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में अब तक 11 लाख 31 हजार 122 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जो कि कुल लक्ष्य का 77 फीसदी है।

### जनपद पंचायत कटनी अव्वल

समग्र ई-केवाईसी करने के मामले में जनपद पंचायत कटनी जिले में अव्वल है। जहां अब तक 1 लाख 35 हजार 319 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूरा हो चुका है। जबकि नगरनिगम कटनी अंतिम पायदान पर है। जहां अब तक मात्र 1 लाख 55 हजार 736 लोगों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य ही पूरा हो सका है।

इसी प्रकार जनपद पंचायत बहोरीबंद में अब तक 1 लाख 86 हजार 799, नगर परिषद विजयराघवगढ़ में 7 हजार 749 लोगों की समग्र ई-केवाईसी हो चुकी है। जबकि जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ मे 1 लाख 68 हजार 219 और जनपद पंचायत रीठी में 1 लाख 15 हजार 108, नगर परिषद कैमोर में 13 हजार 137 समग्र ई-केवाईसी हो चुकी है। इसके अलावा, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में 1 लाख 61 हजार 174, नगर परिषद बरही में 12 हजार 417 एवं जनपद पंचायत बड़वारा में 1 लाख 75 हजार 464 ई-केवाईसी सत्यापन का कार्य हो चुका है।

### इस तरह कराएं केवायसी

जिले के नागरिकों के लिए समग्र आईडी का आधार से ई-केवाईसी का कार्य एमपी ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेंटर, सीएससी, कियोस्क तथा लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से कराया जा सकता है। इसके अलावा यह प्रक्रिया सीधे समग्र पोर्टल www.samagra.gov.in एवं समग्र मोबाइल एप पर भी की जा सकती है।

---

रेलवे महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर ट्रेनों को रोकने की थी मांग

# रूपोंद, झलवारा रेल्वे स्टेशन में भोपाल बिलासपुर ट्रेन के स्टापेज से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रूपोंद रेलवे स्टेशन एवं झलवारा रेलवे स्टेशन पर कोरोना के समय से पहले सभी ट्रेन रुकती है। लेकिन भारतीय रेलवे के द्वारा कोरोना भयानक बीमारी के समय ट्रेनों का स्टॉपेज रूपोंद रेलवे स्टेशन एवं झलवारा रेलवे स्टेशन पर रोक लगा दी गई थी लेकिन कोरोना जैसी भयानक बीमारी के खत्म होने के बाद जहां पूरे भारत में दुबारा ट्रेनों का आवा -गमन चालू हो गया था परंतु बड़वारा विधानसभा के अंदर आने वाले रूपोंद रेलवे स्टेशन एवं झलवारा रेलवे स्टेशन में रुकने वाली सभी ट्रेनों पर लगे प्रतिबंध को नहीं हटाया गया जिससे रेलवे स्टेशन से लगे गांव की लाखों गरीब जनता को आवा गमन हेतु समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

जनता को रेलवे से आवा गमन करने हेतु बड़वारा से 25 किलोमीटर दूर कटनी रेलवे स्टेशन अथवा बड़वारा से 40 किलोमीटर दूर उमरिया रेलवे स्टेशन जाना पड़ता है जिससे समय और पैसों की समस्या का सामना यहां की जनता को करना पड़ रहा है। और रेलवे के माध्यम से होने वाले व्यापार भी ठप्प हो रहे है। जिससे क्षेत्र की समस्या को देखते तदाशय के सम्बंध में बड़वारा विधानसभा के विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ( धीरू भैया) के प्रतिनिधि मंडल ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश से मुलाकात करके यहां की जनता को होने वाली समस्या से अवगत कराया गया एवं ट्रेनों के रुकने में लगे प्रतिबंध को हटाकर पुनः ट्रेनों के ठहराव की मांग की गई एवं रूपौंद ग्राम की पुलिया से होने वाली समस्याओं से अवगत कराया था । रेलवे द्वारा संज्ञान में लेते हुए भोपाल बिलासपुर ट्रेन को रूपोंद झलवारा रेलवे स्टेशनों में स्टापेज 30 जून 2025 से करने का आदेश जारी किया गया।

### इन्होंने ने सौंपा था ज्ञापन

देवरी हटाई मंडल अध्यक्ष नितिन पांडे , सुरेंद्र जायसवाल, दिनेश गुप्ता, सरपंच रूपोंद कमलेश यादव, सरपंच अनिल पटेल, हर्ष द्विवेदी, केतन गर्ग, छोटू महाराज, शिव वर्मा, अंकित रजक एवं समस्त ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।

---

बैंक सखी एवं पशुपालन से हर माह अर्जित कर रहीं 15 हजार रूपए

# दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत से सपनों को किया साकार, प्रेरणा स्रोत बनीं पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





ग्रामीण आजीविका मिशन की स्व-सहायता समूह की गतिविधियों का लाभ लेकर हजारों दीदियां अपनी मेहनत और उद्यम से समृद्धि की इबारत लिख रहीं हैं। इन्हीं में से एक है विजयराघवगढ़ की पूजा यादव।

विकासखंड विजयराघवगढ़ की निवासी पूजा यादव एक साधारण परिवार से आती हैं। पूजा बचपन से ही पढ़ने-लिखने में होशियार रहीं हैं। पढ़ाई के दौरान ही पूजा की शादी हो गई। शादी के बाद पूजा ने अपनी पढ़ाई जारी रखते हुये न केवल कॉलेज की पढ़ाई पूरी की बल्कि कम्प्यूटर की पढ़ाई भी की। इस दौरान पूजा के ससुराल का पूरा सहयोग मिला। पूजा बताती हैं कि ससुराल में आय का स्त्रोत कृषि एवं पशुपालन है। जब मेरे पति को रोजगार हेतु बाहर जाना पड़ा तब मेरे मन में परिवार को आर्थिक रूप से सहयोग करने की इच्छा हुई। मैंने अपने नजदकी के गाँव के एक स्कूल में पढ़ाना शुरू कर दिया। जिससे परिवार को थोड़ा बहुत आर्थिक सहयोग मिला।

पूजा ने वर्ष 2021 में 15 अन्य महिलाओं को एकजुट किया और पूजा स्व-सहायता समूह का गठन किया। पूजा ने समूह से 15 हजार रूपये ऋण लिया और इस राशि का उपयोग अपने परिवार के कृषि कार्य में किया जिससे आर्थिक लाभ मिला। इसके साथ-साथ पूजा यादव के द्वारा अपने ग्राम में 6 नये स्व-सहायता समूहों का बचत खाता खुलवाया गया तथा रिवाल्विंग फण्ड दिलवाया गया।

जनपद पंचायत कार्यालय विजयराघवगढ में संकुल स्तरीय सगंठन की मासिक बैठक के दौरान पूजा को बैंक सखी की नियुक्ति के बारे में जानकारी मिली। पूजा की रूचि एवं शिक्षित तथा मिलनसार स्वभाव को देखते हुय तथा समूह एवं ग्राम सगंठन से जुड़े होने के कारण पूजा का चयन बैंक सखी के रूप में कर लिया गया। इसके बाद जनपद स्तर पर विकासखण्ड प्रबन्धक के द्वारा बैंक सखी के रूप में मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा विजयराघवगढ में नियुक्त किया गया। बैंकसखी के रूप में बैंक के कार्यक्षेत्र अन्तर्गत 5 ग्रामों की ग्राम सगंठन की बैठक की जवाबदारी पूजा को दी गई। जिससे 5 ग्रामों के लगभग 80 स्व-सहायता समूहों की 985 महिलाये पूजा यादव को बैंकसखी के रूप में जानने लगी। जिससे पूजा यादव की सामाजिक प्रतिष्ठा में वृध्दि हुई।

पूजा ने बैंकसखी के रूप में अब तक 13 समूहों का बचत खाता खुलवाया एवं 22 समूहों का कुल 30 लाख रूपये का ऋण वितरण करवाया। इसके अलावा व्यक्तिगत बचत खाता खुलवाना, बीमा एंव पेंशन योजना के आवेदन भी बैंकों में करवाये। जिससे प्रतिमाह औसतन 2 हजार 500 रूपये की अतिरिक्त मासिक आय होने लगी।

### परिवार को आर्थिक रूप से बनाया मजबूत

पूजा यादव ने पशुपालन कार्य को आगे बढाने के लिये समूह से 60 हजार रूपये लेकर 1 भैंस खरीदी जिससे प्रतिदिन 10 लीटर अतिरिक्त दूध का उत्पादन होने लगा। अब कुल मिलाकर प्रतिदिन 20 लीटर दूध उत्पादन से परिवार को औसतन 15 हजार रूपये मासिक आय होने लगी। इस तरह दृढ इच्छा शक्ति और मेहनत के दम पर पूजा ने अपने साथ-साथ अपने परिवार को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जिससे जीवन स्तर में सुधार हुआ और सामाजिक मान सम्मान भी बढा।

---



# बड़े बकायादारों जारी करें नोटिस एवं तालाबंदी की करें कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम के राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक द्वारा समीक्षा बैठक आयोजित कर बाजार शाखा से संबंधित चालू वित्तीय वर्ष की अब तक की बाजार शुल्क वसूली, दुकानों के लाइसेंस शुल्क एवं बकाया वसूली की समीक्षा की जाकर वसूली कार्य में गति लाने के निर्देश दिए गए। श्री पाठक नें बैठक के दौरानन बकायादारों की सूची तैयार कर उन्हें अंतिम नोटिस एवं स्मरण पत्र जारी किया जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर तालाबंदी की कार्यवाही करनें के भी निर्देश दिए। इस दौरान बाजार शाखा को वसूली में पारदर्शिता बनाए रखने, करदाताओं से संपर्क बनाकर निगम के बकाया करों की राशि को जमा करने हेतु प्रेरित करने के साथ ही साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश देते हुए कहा कि वसूली लक्ष्यों को हर हाल में पूरा किया जाए।

बैठक के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी सागर नायक सहित राजस्व उपनिरीक्ष, राजस्व उपनिरीक्षक सहायक राजस्व निरीक्षक, बैठकी वूसलीकर्ता की उपस्थिती रही।

## खबर संक्षेप

### उद्योग संगम कार्यशाला का आयोजन 5 अगस्त को

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि जिले में कृषि, पशुपालन और फूड प्रोसेसिंग से लेकर के अन्य अनेक प्रकार के उद्योग लगाने की प्रचुर संभावनाएं हैं और इसी दृष्टि से हमने 05 अगस्त को एक उद्योग संगम कार्यशाला स्थानीय **PG** कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित की जा रही है और इस कार्यशाला में भोपाल से हमारे उद्योग विभाग के जिसमें वाणिज्य उद्योग और रोजगार विभाग और **MSME** विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भाग ले रहे हैं, जो कि हमारे उद्योग जगत के स्टार्टअप से संबंधित युवाओं का इसके अलावा उद्योगपतियों का और उद्यमियों का मार्गदर्शन करेंगे। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि मैं सभी उद्योग जगत से जुड़े हमारे साथियों से अनुरोध किया है अधिक से अधिक संख्या में इसमें रजिस्ट्रेशन कराएं और जरूर आएं। इसका पंजीयन का **QR** कोड है, हमने सोशल मीडिया पर डाला हुआ है। आप लोग इसमें अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराएंगे और उद्योग जगत से जुड़े विषयों पर आप अपनी जिज्ञासाओं का समाधान पाएंगे।

### नाबालिग बच्चे ने आभूषण की दुकान में दिखाई हाथ की सफाई

बड़ामलहरा। नगर के अस्पताल तिराहा क्षेत्र में एक ज्वेलर्स की दुकान से नाबालिग लड़के द्वारा स्वर्ण आभूषणों से भरा डिब्बा चोरी किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। नाबालिग बच्चे ने अपने हाथ की सफाई दिखाते हुए डिब्बा चोरी किया, लेकिन पूरी वारदात दुकान के सीसीटीवी में कैद हो गई। बड़ामलहरा निवासी राजेश कुमार सोनी ने बताया कि अस्पताल तिराहे पर उनकी हरिओम ज्वेलर्स नामक दुकान है। गुरुवार की दोपहर वह ग्राहकों को आभूषण बेचने में व्यस्त थे, तभी एक नाबालिग लड़के ने नाक में पहने जाने वाले स्वर्ण आभूषणों से भरा डिब्बा उठाया और दुकान के बाहर खड़े एक अन्य व्यक्ति के साथ भाग गया। यह पूरी घटना दुकान के सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई थी।

कार्रवाई कर भेजा जेल, मुख्य आरोपी चौकीदार फरार, टाइगर रिजर्व के आरएफ 264 से सागौन की चार सिल्लियां लेकर जा रहे थे

# टाइगर रिजर्व से सागौन की तस्करी करते हुए वन अमले ने तीन आरोपियों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



तीन जिले की सीमा में फैले हुए 25 बाघों सहित अन्य जंगली जानवरों से आबाद वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में मानसून के दौरान हरे भरे जंगल में वन माफियाओं की नजर लगी हुई हैं और अब वह सक्रिय हो चुके हैं जहां रात के अंधेरे में हरे भरे पेड़ों की कटाई करना शुरू दिया है लेकिन वन विभाग की निगरानी से माफियाओं को बचना भी मुश्किल है दरअसल रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व की सर्रा रेंज की सर्रा बीट आर एफ 264 में सागौन की तस्करी करते हुए तीन लोगों को वन विभाग की टीम ने पकड़ा है कार्रवाई के दौरान एक आरोपी भागने में सफल हो गया है जिसकी तलाश की जा रही है जानकारी के अनुसार टाइगर रिजर्व की सर्रा रेंज के कक्षा क्रमांक आर एफ 264 में अवैध रूप से सागौन के परिवहन किए जाने की सूचना मुखबिर से मिली थी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम कार्रवाई के लिए रवाना हुई। टीम जंगल में पहुंची। जहां 3 साइकिल से सागौन के सिल्ली ले जाते हुए नजर आए। वन विभाग के मैदानी अमले ने उनकी घेराबंदी की और एक तीन को धरदबोचा पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से चार सागौन की भारी-भरकम सिल्लियां और तीन साइकिल जब्त की है वन विभाग की पूछताछ मे आरोपियों ने अपना नाम लोचन पिता प्रेम रजक उम्र 37 वर्ष निवासी बांसी थाना तारादेही बब्बू पिता सकई यादव उम्र 25 वर्ष निवासी बांसी थाना तारादेही विनोद पिता दयाराम अहिरवार उम्र 33 वर्ष निवासी बांसी थाना तारादेही होना बताया है। सागौन जब्त कर वन विभाग कार्यालय लाई गई। जहां आरोपी के खिलाफ वन अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। जहां से कोर्ट ने तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया है

### चौकीदार की करवा रहा था सागौन की कटाई

वहीं पकड़े गए आरोपियों ने टाइगर रिजर्व के चौकीदार मोहन पटेल के कहने पर सागौन की कटाई के आरोप लगाए हैं आरोपियों ने बताया कि इस चौकीदार मोहन पटेल के कहने पर टाइगर रिजर्व के अंदर सागौन की सिल्लियां उठाने व कटाई के लिए आए हैं वन विभाग की टीम ने चौकीदार मोहन पटेल को भी आरोपी बनाया है भनक लगते ही अंधेरे का फायदा उठाकर चौकीदार भाग निकला जिसकी वन अमले द्वारा तलाश की जा रही है कार्रवाई टीम में सर्रा रेंजर पीआर कुलस्ते सहायक वनपाल दयाराम अहिरवार जगराम प्रजापति वनपाल वनरक्षक जीतेंद्र गुर्जर सुरक्षा श्रमिक कैलाश पटेल हरिराम नारायण सीता यादव दीपक रजक वाहन चालक रामलाल यादव कार्रवाई के दौरान मौजूद थे।

### वन विभाग भी कार्रवाई में लगातार सक्रिय

वहीं टाइगर रिजर्व में बाघों और अन्य जानवरों की सुरक्षा को लेकर वन विभाग भी सक्रिय हैं और लगातार रिजर्व के अंदर अपनी नजर बनाए हुए हैं साथ ही दिन-रात टाइगर रिजर्व में गश्ती कर रहा है जहां माफियाओं को अपने मकसद में कामयाब नहीं होने दे रहे हैं और लगातार कार्रवाई कर रहे हैं वहीं टाइगर रिजर्व की हर गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं जहां टाइगर रिजर्व के 6 रेंजों के वन परिक्षेत्र अधिकारियों द्वारा भी प्रतिदिन टाइगर रिजर्व में गश्ती ओर जानवरों पर सुरक्षा नजर बनाए हुए हैं । टाइगर रिजर्व में इन दिनों बड़ी संख्या में शाकाहारी और मांसाहारी जानवर मौजूद हैं। लेकिन वन माफियाओं को इन बाघों का भी डर नहीं है ना ही इनके मूवमेंट का जब नौरादेही अभ्यारण्य हुआ करता था उस समय बाघों को लाया गया था उस दौरान डीएफओ सीसीएफ यह बात कह रहे थे कि बाघों की मौजूदगी का असर अवैध कटाई की रोकथाम में होगा लेकिन ऐसा नहीं होना सामने आ रहा है। टाइगर रिजर्व पहले नौरादेही अभ्यारण्य हुआ करता था जिसकी स्थापना1975 में की गई थी टाइगर रिजर्व तीन जिले की सीमा में फैला हुआ है इस में दमोह सागर व नरसिंहपुर जिला शामिल है टाइगर में काफी पुरानी भारी भरकम वृक्ष लगे हुए हैं जबकि काफी संख्या में ऐसे ही पेड़ों की कटाई हो चुकी है स्थिति यह है कि कभी सागौन के लिए अपनी पहचान बनाने वाले इस टाइगर रिजर्व (नौरादेही अभ्यारण्य) में अब सागौन विलुप्त होने की कगार की ओर अग्रसर हो चला है यहां पर लॉकडाउन के दौरान भी आए दिन सागौन की कटाई के मामले सामने आते रहे हैं।

## भारतीय किसान संघ ने विभिन्न मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा



**दमोह।** भारतीय किसान संघ महाकौशन प्रांत जिला दमोह के प्रतिनिधिमण्डल द्वारा मुख्यमंत्री के नाम संयुक्त कलेक्टर श्री अविनाश रावत को विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन में बताया कि सेवासहकारी समितियों में समिति प्रबंधको द्वारा समर्थन मूल्य उपज खरीद में अमानक उपज की खरीदी उपज भंडारण में कमी किसानो के भुगतान मे हेरा फेरी गंभीर अनियमिता पाई गई है। लंबे समय से एक ही समिति में कई वर्षो से जमे है और मानमानी करते हैं। भारतीय किसान संघ की मांगे है कि सभी प्रबंधको का बैंक शाखा से अन्य शाखाओं में स्थानांतरण तुरंत किये जायें। ग्रीष्म कालीन समर्थन मूल्य मूंग खरीद में क्षतिगस्त अमानक स्तर की मूंग का भंडारण किया जा रहा है। समस्त मूंग उपार्जन केन्द्रो की उच्च स्तरीय जांच कराई जायें। यदि 7 दिनों में उपरोक्त मांगों पर कार्यवाही नहीं की जाती है तो समस्त सेवा सहकारी समिति केन्द्र पर धरना प्रदर्शन भारतीय किसान संघ द्वारा किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालो में जिला मंत्री मयंक श्रीवास्तव, प्रांतसदस्य रमेश यादव, गोपाल सिंह आदि की उपस्थिति रहीं।

## सर्रा समिति का 222 बोरी यूरिया समनापुर गोदाम में सुरक्षित रखा

**दमोह।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित समनापुर द्वारा 222 बोरी यूरिया एवं प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सर्रा द्वारा 222 बोरी यूरिया का भण्डारण विपणन संघ के डबल लॉक केन्द्र जबेरा से 30 जुलाई को कराया गया था। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति समनापुर द्वारा 222 बोरी में से 186 बोरी का कृषकों को वितरण किया जा चुका है एवं शेष 36 बोरी यूरिया प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति समनापुर में आज 01 अगस्त की स्थिति पर शेष 36 बोरी यूरिया है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के प्रभारी अधिकारी श्री हजारी ने बताया चूंकि प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सर्रा तक खाद भण्डारण हेतु मार्ग बंद था, अत्याधिक बारिश होने के कारण खाद परिवहन कराने हेतु साधन नहीं मिल रहे थे जिस कारण मजबूरीवश प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सर्रा की 222 बोरी यूरिया समिति समनापुर की गोदाम में भण्डारित कराई गई जो आज भी समिति समनापुर में रखी हुई हैं। रास्ता सुचारू रूप से चालू होने पर ही समिति समनापुर से समिति सर्रा में 222 यूरिया परिवहन कराई जाकर समिति सर्रा के नियमित कृषक सदस्यों को यूरिया वितरण की जायेगी। चूंकि समिति के नियमित कृषक सदस्यों को यूरिया खाद की आवश्यकता है समिति समनापुर एवं समिति सर्रा द्वारा 600-600 बोरी यूरिया की मांग की गई थी परन्तु विपणन संघ द्वारा समिति को मात्र 222-222 बोरी यूरिया ही प्रदान किया गया जिस कारण कृषकों द्वारा यूरिया खाद प्राप्त न होने संबंधी शिकायतें की जा रही हैं ।

## संगीत साधकों ने मनाई तुलसीदास जयंती



**दमोह।** नीलम संगीत साधना केंद्र दमोह मे प्रतिवर्षनुसार तुलसीदास जी की जयंती आयोजित की गई कार्यक्रम अध्यक्ष पंडित. श्याम सुंदर शुक्ला मुख्य अतिथि डॉ.मुनमुन सेन विशिष्ठ अतिथि डॉ.दिलीप गुप्ता साहित्यकार पुष्पा चिले ,संचालन प्राचार्य डॉ. प्रेमलता नीलम ने किया,सरस्वती पूजन, तुलसीदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया .मां वीणापाणी सरस्वती की वन्दना बच्चों ने प्रस्तुत की तुलसीदास जी द्वारा रचित श्री राम स्तुति एवं , हनुमान चालीसा तथा ठुमक चलत रामचंद्र बाजत पैजनियां,गीत प्रस्तुत किया । त्रिशा शिवानी राघवी शयांभवि,समृध्दि ख्याति, मीनाक्षी दिव्यांशी देवांश आभास,सूर्यास्त तान्या नमामि.वरणेंय ,वरणुका, दिव्य श्री ने श्रेष्ठ गायन कर वाह वाह गृह की ।अध्यक्ष शुक्ला जी ने कहा सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का नित पाठ करने से दुख दूर होते है,बिगड़े काम बन जाते है । अभिभावक धर्मेंद्र सिंह अनिल पटेल सीमा गुप्ता की उपस्थित आभार हर्षिता ने माना ।

### शिक्षक संतोष जैन नही रहे

**दमोह।** टंडन बगीचा निवासी संतोष जैन शिक्षक शासकीय माध्यमिक शाला खिरिया में पदस्थित थे जिनका बीमारी के चलते दुखद निधन हो गया। सिंधी मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार किया गया सभी वर्ग के लोगों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। जय कुमार जैन शिक्षक मुड़िया, डॉ. देवेंद्र जैन के चाचा थे। भाई अपने पीछे एक पुत्र कल्पित एवं एक पुत्री काजल सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर गए।

## भव्य हरियाली तीज उत्सव संपन्न



**दमोह।** वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई दमोह द्वारा हरियाली तीज उत्सव का भव्य आयोजन वैश्य भवन में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती सत्यभामा गुप्ता जी रहीं, जिनके साथ संभागीय अध्यक्ष श्रीमती ऋतु अग्रवाल जी, जिला प्रभारी श्रीमती विद्या असाटी, जिला अध्यक्ष श्रीमती सुनीता गुप्ता जी नगर अध्यक्ष श्रीमती अनीता अग्रवाल जी जिला महामंत्री शैलजा आसटी नगर महामंत्री सविता गुप्ता तथा वैश्य महासम्मेलन महिला संरक्षक मंडल की वरिष्ठ सदस्याएं कृ पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मालती असाटी, चंद्रा नेमा, सुमित्रा अग्रवाल, पुष्पा चिले एवं सुनीता गुप्ता जी, नीलू अग्रवाल, साधना छिरोरया की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में फरिश्ते संरक्षक के रूप में समाज में उत्कृष्ट सहयोग देने वाली वरिष्ठजनों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान हमारी महिला इकाई की ओर से पदाधिकारियों द्वारा प्रदान किया गया, जो उत्सव का एक भावनात्मक एवं प्रेरणादायक क्षण बना। महालक्ष्मी पूजन कर मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कंचन असाटी व माया गुप्ता द्वारा वैश्य गान की खूबसूरत प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम संचालन की जम्मिदारी श्रीमती कंचन असाटी एवं शैलजा असाटी ने अत्यंत कुशलता से निभाई। कार्यक्रम में श्रीमती शिखा गुप्ता एवं माया गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती सत्यभामा गुप्ता जी ने नारी सशक्तिकरण, संगठन की एकजुटता एवं समाज में महिलाओं की भागीदारी पर अपना प्रेरणादायक वक्तव्य प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं केवल घर तक सीमित नहीं रहीं, वे समाज के हर क्षेत्र में नेतृत्व कर रही हैं। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष श्रीमती अनीता अग्रवाल जी द्वारा वैश्य महासम्मेलन का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। सभी बहनों की कार्यक्रमों में सक्रियता रहती है तभी कार्यक्रम सफल हो पाते है। पौधारोपण कर सभी बहनों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और पौधों की सुरक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में साहित्यिक प्रस्तुति भी आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें प्रसिद्ध साहित्यकार चंद्रा नेमा जी, पुष्पा चिले जी एवं साधना छिरोरिया जी ने सावन एवं नारी भावनाओं पर आधारित अपनी सुंदर कविताओं का वाचन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। समापन पर सभी बहनों ने गरमा-गरम चाट, फुल्की का आनंद लिया। इस तरह यह आयोजन संस्कृति, समाज सेवा एवं महिला जागरूकता का सजीव उदाहरण बना। कार्यक्रम में वैश्य महिला इकाई की सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं, जिन्होंने मिलकर इस आयोजन को सफल एवं यादगार बनाया।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो में किया राहत सामग्री का वितरण




**दमोह।** मानव जीवन विकास समिति बिजौरी जिला कटनी मध्य प्रदेश के जिला दमोह की जनपद पंचायत तेंदूखेडा के ग्रामों में 29 जुलाई को ब्यारमा नदी में बाढ आई, जिससे अनेक गाँव बाढ से प्रभावित हुए हैं जिसमें मानव जीवन विकास समिति तेंदूखेडा में समिति सचिव निर्भय सिंह के मार्गदर्शन में ग्रामों में आटा 375 किलो, चावल 375 किलो, दाल 150 किलो, तेल 150 किलो, मिर्च 15 किलो, धना 15 किलो, हल्दी 15 किलो, नमक 75 किलो कुल सामग्री 11 क्विंटल 70 किलो के 75 किट तैयार कर ग्राम पंचायत खमतरा, झमरा, जैतगढ में बाढ पीड़ित परिवारों के लिए प्रदेश स्वतंत्र प्रभार संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के द्वारा लोगों को खाद्यान्न किट वितरण की, कार्यक्रम में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, तेंदूखेडा एसडीएम सौरभ गंधर्व, जनपद सीईओ बागरी, नरेश खटीक, घनश्याम प्रसाद रायकवार, खिलान सींग, अजीत सिंह, रामकुमार सींग के साथ अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## हिन्दी लेखिका संघ ने तुलसीदास जी का स्मरण किया

**दमोह।** हिन्दी लेखिका संघ दमोह ने सरस्वती कन्या विद्यालय के सभाकक्ष में तुलसी जयंती की पूर्व संध्या पर काव्यांजलि आयोजित की। मां सरस्वती के पूजन एवं वंदना के पश्चात आगामी वार्षिक कार्यक्रम एवं सुरम्या के विषय में चर्चा हुई। द्वितीय चरण में संत शिरोमणि तुलसीदास जी को समर्पित रचनाओं का पाठ हुआ। पुष्पा चिले ने कहा बलिहारी रत्ना तेरी, कर दीन्हा उद्धार,पाये तुलसी राम को,यश गाये संसार। डॉ प्रेमलता नीलम पढ़ा हुलसी सुत तुलसी भये,राम भक्ति में लीन,जन जन के मन में बसे मानस सर के मीन। डॉ इन्द्र जीत कौर ने पढ़ा -राम नाम जपते रहे, तुलसी आठों याम। शिव कुमारी शिवहरे ने पढ़ा तुलसीजी ग्रन्थ गये रचके,तब राम कथा सुनने मिलती। साधना बिरथरे ने कहा क्या है वह कलम, क्या है वह वाणी, जिसने रच दी राम कहानी। पद्मा तिवारी ने कहा श्रावण शुक्ला सप्तमी,मूल नक्षत्र में जन्मे थे। तुलसी संत शिरोमणि थे। उमा नामदेव ने कहा कोटि कोटि प्रणाम तुलसी दास आपको, रामचरित के पन्नों में लिख दिया सियाराम। मनोरमा रतले ने कहा हुलसी के लाल आप क्या से क्या हो गये, रच मानस तुलसी से तुलसीदास हो गये। भावना शिवहरे ने पढ़ा -मानस के रचयिता को बारंबार प्रणाम। कमलेश शुक्ला ने कहा धन्य भाग्य मां हुलसी तुम्हारे, जन्मे तुलसी से लाल तुम्हारे। अर्चना राय ने कहा प्रतिकूल समय में भी रच डाला, रामायण महाकाव्य। आराधना राय ने कहा अकूत ज्ञान धन के भंडार, तुलसी कठिन तपस्या के आधार। मधुलता पाराशर ने पढ़ा थे सियाराम अनुरागी, भक्ति को धारा बहाई। संगीता पान्डे ने पढ़ा जब दुख हुए अपार,तब हुआ तुलसी अवतार। वसुंधरा तिवारी ने कहा ग्रन्थ कयी रच डाले, हुलसी के लाल ने। डॉ संगीता पाराशर ने कहा तुलसी करते नमन हम, लिख डाला महाकाव्य। भारती राय ने कहा शत शत-शत नमन करूं तुलसी जैसे संत हमारे।

### विद्यालय परिसर में किया पौधारोपण



**पथरिया।** जन अभियान परिषद दमोह के मार्गदर्शन में संस्था नेहरू युवा नव जागृति नव युवक मंडल समिति बांसाकलां द्वारा शास. प्राथमिक शाला बनकटवारी में आम,नीम,नींबू के पौधे रोपित किए। इस अवसर पर भानुप्रताप सिंह ठाकुर, रतन लाल पटेल, उमादेवी ठाकुर, संस्था अध्यक्ष घनश्याम पटेल, हाकम अहिरवार सहित ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।

### कुशवाहा समाज के निर्विरोध अध्यक्ष बनें मनमोहन पटेल



**पथरिया।** मां हरसिद्धि मंदिर में कुशवाहा समाज की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सर्व सम्मति से पथरिया ब्लॉक कुशवाहा समाज के अध्यक्ष का निर्विरोध चयन किया गया जिसमें मनमोहन (मूले) कक्का को नियुक्त किया गया एंव युवा अध्यक्ष बद्री पटेल सेमरा व बलराम पटेल नंदरई को बनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

## शिव पार्वती के दिव्य मिलन की कथा सुनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



उपकाशी नगरी में विराजमान देवश्री गौरीशंकर मंदिर में श्रावण मास में यजमान कुंवर पुष्पेंद्र सिंह हजारी परिवार द्वारा आयोजित महाशिव पुराण कथा के पांचवें दिवस कथा व्यास पंडित वीरेंद्र शास्त्री जी महाराज ने श्रद्धालुजनों को शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का सुंदर, भावविभोर कर देने वाला श्रवण कराया गया, जिसमें भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य मिलन की पौराणिक कथा को रोचक शैली में प्रस्तुत किया गया। कथा में पंडित वीरेंद्र शास्त्री जी ने बताया कि भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह सनातन धर्म की सबसे पवित्र और रोचक कथाओं में से एक है। यह कथा शिव पुराण, स्कंद पुराण व रामचरितमानस आदि ग्रंथों में वर्णित है। दक्ष प्रजापति द्वारा भगवान शिव का अपमान हुआ, जिससे दुखी होकर सती ने यज्ञ कुण्ड में आत्मदाह कर लिया, सती के वियोग में शिवजी ने सारा संसार छोड़कर तपस्या में लीन होने का संकल्प लिया। हिमालय प्रदेश के राज परिवार सती ने पार्वती के रूप में पुनर्जन्म लिया। पार्वती बचपन से ही भगवान शिव को अपने पति के रूप में स्वीकार कर चुकी थीं। भगवान शिव को पुनः पाने के लिए पार्वती जी ने हिमालय की गुफाओं में कठोर तप किया। कई वर्षों तक निर्जल, निराहार तपस्या करने के बाद उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर शिव प्रकट हुए। पार्वती के तप से चिंतित देवताओं ने शिवजी का ध्यान भंग करने के लिए कामदेव को भेजा। शिवजी की तीसरी आंख से कामदेव जलकर भस्म हो गए। यह घटना बताती है कि ईश्वर को पाने के लिए केवल भक्ति और तप ही मार्ग है। शिवजी ने पार्वती की भक्ति की परीक्षा ली और अंततः विवाह हेतु सहमत हुए। नारद मुनि के माध्यम से यह शुभ समाचार हिमालय राज परिवार को प्राप्त हुआ। पर्वतराज हिमालय ने भव्य विवाह समारोह की योजना बनाई। भगवान शिव की बारात में भूत, प्रेत, गण, योगी, नाग, और विविध विचित्र रूप वाले गण शामिल हुए। माता पार्वती की सखियां शिव बारात को देखकर डर गईं, पर पार्वती ने कहा मेरे लिए यही सर्वश्रेष्ठ हैं। ब्रह्मा जी ने विधिवत विवाह के मंत्रों से विवाह सम्पन्न करवाया। देवताओं, ऋषियों, गंधर्वों ने विवाह में उत्सव मनाया। यह विवाह तप, प्रेम और समर्पण का प्रतीक बन गया। यह कथा दर्शाती है कि सच्ची भक्ति और निष्ठा से ईश्वर को प्राप्त किया जा सकता है। शिव-पार्वती का विवाह संसारिक विवाह का आध्यात्मिक स्वरूप भी है, जिसमें तपस्या, आत्मा का मिलन और पूर्ण समर्पण होता है।

### धूमधाम से आई बारात

देवश्री गौरी शंकर मंदिर में चल रही शिव महापुराण की कथा के दौरान भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की बारात बैंड बाजा के साथ निकाली गई जिसमें सभी देवी देवताओं के साथ भूत पिसाच बारात में पहुंचे जहां कथा में यजमान बने कुंवर पुष्पेंद्र सिंह हजारी द्वारा सपत्नी के साथ भगवान भोलेनाथ का द्वारचार वंदन कर बारात का स्वागत करते हुए भव्य अगवानी की गई इसके पश्चात मंदिर में भगवान शिव पार्वती का विवाह संपन्न हुआ जिसमें उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने विवाह गीतों पर नाचते झूमते हुए धर्म लाभ लिया।

## दिन बदलते देर नहीं लगती, देखते-ही-देखते समय बदल जाता है - श्री विशुद्ध सागर जी



**पथरिया।** विरागोदय तीर्थ पथरिया में चातुर्मास के दौरान धर्म सभा में दिगम्बर जैन पट्टाचार्य 108 श्री विशुद्धसागर जी गुरुदेव ने धर्मसभा में सम्बोधन करते हुए कहा कि सबके दिन एक-से नहीं होते। सब दिन एक-से नहीं होते । दिन बदलते देर नहीं लगती। जिंदगी में किसके साथ क्या हो जाय पता नहीं? श्रीराम को राज्य मिलने वाला था, उसी दिन वनवास हो गया। श्री कृष्ण का जन्म जेल में हुआ। सती सीता को गर्भवती अवस्था में वन में छोड़ दिया गया। दिन बदलते देर नहीं लगती। देखते-ही-देखते समय बदल जाता है। रावण ने सीता का हरण कर लिया था, परन्तु फिर भी सीता श्रीराम की ही कहलाती थी। आप हरण तो कर सकते हो, वस्तुक्षीण सकते हो, पर अपनी बना नहीं सकते हो। ऐसे ही हमारा गिरनार तीर्थ कुछ लोग क्षीनना चाहते हैं, वह क्षीन सकते हैं, पर गिरनार जैनों का था, है और रहेगा। जिंदगी संभल-संभल कर जियो । भूलकर भी किसी का तिरस्कार मत करो। कब किस पर, कौन सी विपत्ति आ जाय, कुछ पता नहीं। जियो और जीने दो। बुरे का फल बुरा ही होता है। क्षण भर की कषाय, भव-भव में पीड़ति करती है। कर्म किसी को नहीं छोड़ता, इसलिए कषाय करके कर्मों का आमन्त्रण मत करो । जैसा बीज भूमि में बोओगे वैसी फसल होगी। अपने किए गए कुटिल भावों का फल जीव को स्वयं ही भोगना पड़ता है। जो दान देता है; उसकी जगत में प्रशंसा होती है, यश प्राप्त होता है और सम्पत्ति वर्धमान होती है। जो जिनेन्द्र प्रभु की पूजा करता है, उसको सुन्दर रूप की प्राप्ति होती है। जो साधुओं की सेवा करता है, उसकी समाज में शीघ्र ही ख्याति फैल जाती है। श्रेष्ठ कार्य करो, क्योंकि श्रेष्ठता पाना है तो शुभकार्य करना ही होगा। प्रभु का नाम स्मरण करो, निश्चित कर्म का क्षय होगा। मन स्थिर करना है, तो मंत्र जाप करो। सही सोचो, सही बोलो, सही रास्ते पर चलो।

### ऊँचाईयाँ पाना है, तो गुणग्राही बनों

दुनिया के दुर्जन लोग दूसरों के गुण नहीं देखते, अपितु गुणियों में अवगुण खोजते हैं। जोंक गाय के थन में लगकर दूध नहीं पीती, अपितु रक्त का पान करती है। ऊँचाईयाँ प्राप्त करना है, तो गुणग्राही बनो। जो व्यक्ति दूसरों के राई के समान लघु दोषों को पहाड के समान देखता है, वह सूकर के समान वृत्ति वाला मल-भक्षण करता है। जो दूसरे के दोषों को लोक में उद्घाटित करता है, वह दुर्गति को प्राप्त करता है। दूसरों की निन्दा, चुगली करने वाला कभी सुखी नहीं रह सकता है।

### जीवन कहाँ जियें ?₹

जहाँ वैद्य, सम्राट, साहूकार विद्वान धर्मायतन, साधु और पानी न हो वहाँ सज्जनों को निवास नहीं करना चाहिए। जहाँ जिनालय हों, सज्जनों का निवास हो, संतों का सत्संग हो, विद्वानों का निवास हो, तीर्थ हों, आय के साधन हों, उपजाउ, भूमि हो, दयालु - करुणावान मनुष्य जहाँ विचरण करते हों वहीं सज्जनों को निवास करना चाहिए।
भारत भूमि का कण-कुण साधु-संतों की तप-साधना से पवित्र है। जहां सच्चे-गुरु तपस्या करते हैं, वही भूमि तीर्थ बन जाती है

### घर को स्वर्ग बनाओ

सुखद जीवन जीते-जी शान्तिपूर्ण मृत्यु प्राप्त करना चाहते हो तो अपने मधुर-व्यवहार से घर को स्वर्ग बनाओ। यदि आपके घर में परस्पर-मैत्री होगी समर्पण विश्वास होगा, तो घर- ही स्वर्ग बन जायेगा। घर में शांति होगी तो देश व विश्व में भी एकता व शांति होगी।

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री फसल बीमा की अंतिम तिथि निर्धारित

**दमोह।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत खरीफ वर्ष 2025-26 में प्रत्येक बहुउद्देशीय सेवा सहकारी समिति (सोसायटी), कॉमन सर्विस सेन्टर, (एमपी ऑनलाईन) एवं बैंक के माध्यम से अऋणी कृषक 14 अगस्त 2025 तक एवं ऋणी कृषक 30 अगस्त 2025 तक अपनी अधिसूचतित फसलों का फसल बीमा करा सकते हैं। इस सबंध में उप संचालक कृषि ने किसानों से आग्रह करते हुए कहा अधिक से अधिक किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत फसल बीमा कराए ताकि जिले के अधिक से अधिक कृषकों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा अऋणी/ऋणी कृषकों के फसल बीमा हेतु आवश्यक दस्तावेज अंतर्गत आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति, बही/बी-1 की छायाप्रति एवं बुवाई प्रमाण पत्र आवश्यक हैं। इसी प्रकार प्रधानमंत्री फसल बीमा हेतु प्रीमियम राशि हेतु धान सिंचित 325 रू/एकड़, सोयाबीन 290.80 रू/एकड़, उड़द 221.76 रू/एकड़, मक्का 236 रू/एकड़ एवं धान असिंचित 230 रू/एकड़ निर्धारित किया गया हैं।

### गौशाला संचालन का सौभाग्य

**दमोह।** शहर में कई वर्षों से निराश्रित, बीमार व घायल गौवंशों की निस्वार्थ सेवा में समर्पित वैष्णवी निस्वार्थ गौ सेवा समिति को मरुताल पंचायत स्थित बागेश्वर धाम गौशाला के संचालन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है. यह दायित्व समिति के लिए एक गौरव का विषय है और क्षेत्र की गौ सेवा को एक नई दिशा देगा. 31 जुलाई गुरुवार को विधिवत मंत्रोच्चार और पूजा-पाठ के साथ गौ माता पूजन कर गौशाला का शुभारंभ किया गया.इस पावन अवसर पर समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे और गौ सेवा के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम में मरुताल ग्राम पंचायत के सरपंच नारायण राय, उपसरपंच शुभम राजपूत तथा पंचायत सचिव दिलीप पाठक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# उम्मीद की पहल: बाढ़ग्रस्त पीड़ितों की मदद के लिए उठे हजारों हाथ






### बाढ़ से ग्राम झमरा और खमतरा सबसे ज्यादा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

ब्लॉक के ग्राम झमरा और खमतरा बाढग्रस्त ग्रामों में सबसे ज्यादा प्रभवित हुए है जहां पर 100 प्रतिशत नुकसान हुआ है, यहां रहने वाले ग्रामीणों के पास न तो कपड़े है न भोजन के लिए खाद्य सामग्री। प्रशासन अपने स्तर से ग्राम के लोगों को भोजन पानी रहने की व्यवस्था करा रहा है किन्तु यह रहने वाले पीड़ित परिवार के सदस्यों के पास न पहने और सोने के लिए कपड़ों का आभाव बना हुआ था। ग्राम की हकीकत जानने के बाद प्रशाससनिक अधिकारियों ने खुद पैसे एकत्रित किए और उन पैसों से सामग्री खरीदी की और अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में उसका वितरण झमरा और खमतरा ग्राम में किया जिसके बाद अब हर तरफ से बाढ़ग्रस्त पीड़ितों की मदद के हाथ उठना शुरू हो गया है। शुक्रवार को अनेक संस्थाएं व समाजसेवी संगठन और जनप्रतिनिधियों सहित शिक्षक विभाग वन विभाग गल्ला व्यापारी वर्ग सहित अनेक लोग मदद के लिए आगे आए हैं जो बाढ़ग्रस्त परिवारों के बीच पहुंचकर मदद कर रहे हैं।

### गौशाला कमेटी के लोग पहुंचे मदद के लिए

गुरुवार को आचार्य श्री विद्यासागर दयोदय पशु सेवा केंद्र गौशाला के अध्यक्ष ने कमेटी के सदस्यों के साथ तारादेही सर्रा क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित ग्रामों में पहुंचकर लोगों को भोजन एवं वस्त्र वितरित किए। पिछले दिनों हुई बारिश के कारण तारादेही क्षेत्र के दर्जनों गांव पानी की चपेट में आने से लोगों की गृहस्थी एवं खाने पीने का सामान बह जाने के कारण शासन प्रशासन एवं अनेक सामाजिक संगठनों के द्वारा प्रभावित लोगों का सहयोग किया जा रहा है उसी कड़ी में गौशाला कमेटी द्वारा प्रभावित ग्रामों में भोजन व वस्त्र वितरित किए गए। इस दौरान गौशाला अध्यक्ष संजय कुमार जैन के साथ उपाध्यक्ष पप्पू जैन,महामंत्री अमरचंद जैन, विदित सिंह तोमर, शासकीय ठेकेदार कमलेश शर्मा, संतोष सिंह, राधेश्याम कुर्मी, बंटू जैन, सुनीता, गीता कुर्मी, अजय सेन के साथ समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

### गल्ला व्यापारियों ने की मदद

शुक्रवार को दमोह कलेक्टर की मौजूदगी में तेंदूखेड़ा नगर के गल्ला व्यापारियों ने बाढग्रस्त परिवार के बीच पहुंचकर मदद की जहां पर बच्चों को कपड़े और कंबलों का किया वितरण किया गया। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव, विधायक प्रतिनिधि चेतन जैन भागचंद जैन, भगत जैन, राकेश जैन, प्रहलाद असाटी, भूरे सिंघाई, नंदन जैन आदित्य चौधरी रहे मौजूद।

### पूर्व जिला अध्यक्ष ने की मदद

वहीं ग्राम सर्रा में एडीएम मीना मसराम के साथ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनीता सीग ने बाढ़ग्रस्त परिवारो को कपड़े और खाद्य सामग्री साथ ही उनकी समस्याएं सुनी और आगे भी मदद करने का आश्वासन दिया।

### तेंदूखेड़ा रेंजर व टीम ने की मदद

दमोह वनमंडलअधिकारी ईश्वर जरांडे के निर्देश और तेंदूखेड़ा उप वनमंडल अधिकारी प्रतीक दुबे के निर्देश पर तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र अधिकारी मेघा पटेल गुरुवार को अपने वन अमले के साथ टेड महगुवा ग्राम पहुंची और बाढ़ग्रस्त परिवार की समस्या सुनी और खाद्य सामग्री व अनाज का वितरण किया। इस दौरान सर्किल ऑफिसर भगवान दास सेन वनरक्षक अभिषेक मोदी कपिल ठाकुर इंद्र यादव मौजूद रहे। वहीं गुरुवार शुक्रवार को तारादेही वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेंद्र गुर्जर भी अपनी टीम के साथ बाढ़ग्रस्त परिवारों के बीच पहुंचे और उनकी मदद करते हुए खाद्य सामग्री वितरण की ओर आगे भी हर चीज की मदद करने का आश्वासन दिया। शुक्रवार राज्य कर्मचारी संघ दमोह एवं ब्लॉक इकाई तेंदूखेड़ा के द्वारा झमरा एवं खमतरा में पहुंचकर बाढ पीड़ितों के लिए राहत किट वितरित की गई। शुक्रवार को भाजपा तारादेही के मंडल अध्यक्ष डॉ मनोहर सिंह लोधी ने बाढ़ग्रस्त परिवार के बीच पहुंचकर पीड़ित परिवारों मदद की और भोजन सामग्री और कपड़े वितरण किए। शुक्रवार को मानव जीवन विकास समिति बिजौरी द्वारा तेंदूखेडा बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान 375 किलो आटा, 375 किलो चावल, दाल 150 किलो तेल, 150 किलो मिर्च, 15 किलो धना, 15 किलो हल्दी, 15 किलो नमक, 75 किलो कुल सामग्री 11 क्विंटल, 70 किलो के 75 किट तैयार कर ग्राम पंचायत खमतरा, झमरा, जैतगढ़ सहित विभिन्न बाढ़ प्रभावित ग्रामों में किया गया।



### रोटरी क्लब दमोह की मानवता मिसाल बनी

तेन्दुखेड़ा के बाढ़ प्रभावित ग्राम सर्रा में रोटरी क्लब द्वारा बड़ी मात्रा में खाद्य व आवश्यक सामग्री वितरित की। इस दौरान खिचड़ी मिक्स, 05 किलो आटा के पैकेट, फिटकरी (पीने के पानी सफाई हेतु), नमक एवं अन्य उपयोगी सामान वितरित किया।

## राज्यमंत्री ने किया बाढ़ प्रभावित गांव का दौरा: जबेरा विधानसभा के झमरा गांव में लोगों को बांटा खाद्यान्न, बोले हर संभव मदद की जाएगी

**तेन्दूखेड़ा।** में बीते दिनों लगातार बारिश से बाढ़ प्रभावित हुए गांव में शुक्रवार को मध्य प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने भ्रमण किया। उनके साथ कलेक्टर सुधीर कोचर और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की टीम भी मौजूद थी मंत्री लोधी ने जमरा गांव में लोगों को 10-10 किलो गेहूं चावल के पैकेट वितरित किए। उन्होंने बताया कि बीते दिनों बारिश के बाद जबेरा विधानसभा क्षेत्र के कई गांव बाढ़ से प्रभावित हुए थे, जहां काफी नुकसान हुआ है। उस समय विधानसभा चल रही थी। इसलिए मैं पहुंच नहीं पाया लेकिन मैं लगातार जिले के प्रशस्तिक अधिकारियों के संपर्क में था अब स्थिति समान होती जा रही है जिन बाल प्रभावित गांवों में लोगों का नुकसान हुआ है। वहां के सर्वे के लिए 22 टीम में बनाई गई है जो इन बाल प्रभावित गांवों में मकान फसल और पशुधन के नुकसान का सर्वे करेंगे ताकि उन्हें सरकार से मुआवजा दिलाया जा सके। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को सरकार की ओर से 50 किलो गेहूं चावल देने का निश्चय किया गया है। अभी उन्हें केवल 10-10 किलो गेहूं दिया गया है बाकी का प्रबंध कुछ दिन में हो जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा बच्चों को कपड़े बुजुर्गों को कंबल और अन्य जरूरी सामग्री वितरित की जाएगी। कई स्वयंसेवी संस्थाएं भी इन लोगों की मदद कर रही है। इन गांव में भंडारा भी चल रहा है ताकि स्थिति समान होने तक गांव के लोगों को अपने घर में खाना ना बनाना पड़े। उन्हें सहजता से खाना मिल जाए उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को यह भरोसा दिया है कि वह निश्चिंत रहें उनकी हर नुकसान की भरपाई सरकार करेगी।



# हत्या के आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

**दमोह।** न्यायालय षष्ठम अपर सत्र न्यायाधीश, अनुराग सिंह कुशवाह की अदालत ने लखन रजक, अभिषेक शर्मा, महेश रजक, प्रशांत ठाकुर, दिन्नू उर्फ दिनेश साहू सभी निवासी नरसिंहगढ़ दमोह में लखन को धारा 302/34 भा.द. सं. में आजीवन कारावास व 1000/- रु. अर्थदण्ड, आरोपी प्रशांत ठाकुर व दिन्नू उर्फ दिनेश साहू को धारा 302/34 में आजीवन कारावास, धारा 25(1-बी)ए आयुध अधिनियम में 03 वर्ष का सश्रम कारावास, धारा 27(1) आयुध अधिनियम में 05 वर्ष का सश्रम कारावास व कुल 2000 -2000 रु. के अर्थदंड से दण्डित किया गया। शेष दो आरोपी अभिषेक शर्मा व महेश रजक दोषमुक्त हुए है। अभियोजन की ओर से पैरवी सहायक निदेशक अभियोजन कैलाश चंद्र पटैल व सहायक जिला अभियोजन अधिकारी हेमंत कुमार पांडेय के द्वारा की गई। घटना का विवरण यह है कि 23 फरवरी 2021 को दोपहर लगभग 4 बजे मृतक की बालिका अपने घर के आँगन में बैठी थी और बालिका का पिता (मृतक ) दरवाजे में बाहर बैठे चाय पी रहे थे, उसी समय एक काले रंग की डिस्कवर मोटरसाइकिल पर बैठे तीन लोग आये। तीनो ने मुंह पर कपडा बांध रखा था, उन्होंने मृतक के घर के पास मोटरसाइकिल रोकी और उसमे से एक व्यक्ति ने उसके पापा को जान से मारने की नियत से कट्टे से गोली मार दी। जिससे उसके पिता को दाहिने हाथ में चोट आयी और काफी खून बहने लगा और जमीन में गिर गए। उसके पिता को बुआ के बेटे की कार से इलाज के लिए अस्पताल लेकर आयी थी और वहां पर डॉ. ने उसके पिता को मृत घोषित कर दिया था। उक्त देहाती नालसी व देहाती मर्ग इंटीमेशन के आधार पर थाना दमोह देहात में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। मामले में दस्तावेजी साक्ष्य व मौखिक साक्ष्य व अभियोजन द्वारा प्रस्तुत तर्को से सहमत होकर माननीय न्यायालय द्वारा 3 आरोपीगण को दण्डित किया गया

# श्री राम मंदिर में चल रही नौ दिवसीय अखंड रामधुन

**गैसाबाद।** ग्राम गैसाबाद क्षेत्र के सुप्रसिद्ध प्राचीन श्री राम मंदिर में 28 जुलाई से 5 अगस्त तक नौ दिवसीय सीताराम सीताराम के नाम की अखंड रामधुन का आयोजन समस्त ग्राम वासियों द्वारा किया गया है जिसमें समस्त ग्रामीण जन सम्मिलित होकर जगत के पालनहार श्री हरि प्रभु के नाम का जप करके धार्मिक लाभ अर्जित कर रहे हैं। इस धार्मिक आयोजन से ग्राम का माहौल धर्ममय बना हुआ है सीताराम सीताराम के जय घोष से सारे गांव में धर्म की गंगा प्रभावित हो रही है। श्रीराम मंदिर के पुजारी श्री गणेश पांडे जी ने हरिभूमि को बताया की यह धार्मिक आयोजन समस्त ग्राम वासियों के जन सहयोग से आयोजित किया गया है। अखंड रामधुन की पूर्ण आहुति एवं महाप्रसाद वितरण भंडारा 5 अगस्त को होगा जिसमें समस्त भक्तजन सादर आमंत्रित है।



# तीसरे दिन मिला बहे युवक का शव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जबेरा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम विजयसागर में बीते दो दिन पूर्व बुधवार को ग्राम की भदर नदी में नहाते समय नीलेश सींग पिता कल्याण सींग उम्र करीब 25 वर्ष नदी के तेज बहाव में आकर वह गया था। जिसकी तलाश उसी दिन से जबेरा तहसीलदार सोनम पांडेय, जबेरा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान सहित प्रशासन की मौजूदगी में एसडीआरएफ टीम द्वारा लगातार की जा रही थी। किंतु लगातार रेस्क्यू करने के बाद भी टीम को सफलता नहीं मिल रही थी जिससे लोगों में हताशा बढ़ती जा रही थी। वही शुक्रवार की सुबह सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन के पास एक किसान का फोन आया कि कांटी हार में भदर नाले के किनारे एक युवक का शव पड़ा हुआ है। जिसकी सूचना उन्होंने तुरंत जबेरा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान को देकर पुलिस के साथ कांटी हार में जाकर देखा तो दो दिन पूर्व ग्राम विजय सागर से नदी में नहाते समय वहे युवक नीलेश सींग का शव था। जिसे पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से अपने कब्जे में लेकर दुर्गम रास्ते से होते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा भिजवाया। जहां शव का पीएम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

# तुलसी जयंती पर धूमधाम से किया आयोजन




**दमोह।** माडल स्कूल दमोह में तुलसी जयंती पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में मानस मर्मज्ञ पंडित गणेश पाठक वरिष्ठ साहित्यकार सुश्री प्रेमलता नीलम तथा संस्था के प्राचार्य आर पी कुर्मी उपस्थित थे। उपस्थित विद्युत जनों ने स्वामी तुलसीदास जी के विषय में प्रेरणादाई उद्बोधन दिए। उन्होंने अपने उद्बोधन में गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित कालजयी रचना श्री रामचरितमानस जी की वर्तमान में प्रासंगिकता तथा छात्र अपने जीवन को रामचरितमानस के द्वारा कैसे निखार सकते हैं को बताया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के प्रांत संगठन मंत्री राजीव बिरथरे शाखा अध्यक्ष दीपक सिंघानिया उपाध्यक्ष महेंद्र ताम्रकार राकेश चौरसिया कोषाध्यक्ष मिथिलेश मिश्रा तथा अभय मोदी अंकित सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र जैन ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में माडल स्कूल के प्राचार्य आर पी कुर्मी शिक्षक प्रशांत जैन मुकेश विश्वकर्मा संजय खरे एवं अन्य शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षक शिक्षिकाएं विद्यार्थियों की भी उपस्थिती रही।

### बाढ़ की चपेट में 30 एकड़ फसल बर्बाद

**बनवार।** व्यारमा नदी के किनारे बसे जवेरा तहसील के ग्राम लल्लूपुरा के पटेल किसानो की 30 एकड़ की फसल व्यारमा नदी में आई भीषण बाढ़ के चलते बर्बाद हो गई है जिसमें सब्जियों एवं धान की फसल शामिल है। जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने पटवारी तिलक सिंह जनपद सदस्य भुजबल सिंह पूर्व सरपंच सहित किसानों के साथ खेतों का जायजा लिया तो खेतों में लगी कई एकड़ में लगी भटा मिर्च की फसल नष्ट हो गई। जबेरा तहसीलदार से उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने फोन पर बात करते हुए बाद से हुई फसलों की तबाही से अवगत करवाते हुए सर्वे करवाते हुए मुआवजा दिलाने के की मांग की है।

### चेन्नई जाने वाली टीम में फरहान का चयन



**दमोह।** हॉकी मध्य प्रदेश की सब जूनियर वर्ग मे दमोह के मो फरहान एवम बालिका वर्ग मे हॉकी दमोह से पंजीकृत एन आई एस कोच सरोज राजपूत मुख्य कोच के रूप मे टीम के साथ आन्ध्र प्रदेश एवं चेन्नई रवाना हुई। हॉकी दमोह के विकास जैन ने बताया कि हॉकी मध्य प्रदेश की सब जूनियर बालक वर्ग मे उभरते खिलाडी मो फरहान का चयन चेन्नई जाने वाली टीम मै दस दिवसीय कैम्प मे प्रदर्शन के आधार पर हुआ। हॉकी दमोह की निगरानी मै गहन प्रशिक्षण प्राप्त कर मध्य प्रदेश की टीम मे स्थान बनाया वही हॉकी दमोह से पंजीकृत एन आई एस कोच सरोज राजपूत को महिला कोच के रूप शामिल किया गया। दोनो टीम के चेन्नई तथा आन्ध्र प्रदेश के लिए भोपाल से रवाना हुए इनकी उपलब्धि पर पूर्व मंत्री विधायक जयंत मलैया, सासद राहुल सिंह, मंत्री द्वय लखन पटेल, धर्मेंद्र लोधी, पूर्व विधायक अजय टडन, राजेश सालोमन, भगवान सिंह, विजय ठाकुर, आभा रोहित, कफील अल्ताफ शेख, असार तरूण नामदेव, किशन सिंह, विवियन जुबेर आदि ने बधाई दी है। हॉकी मध्य प्रदेश महासचिव लोकबहादुर ने टीम की घोषणा कर बताया कि दोनो टीम के खिलाडी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मध्य प्रदेश का नाम रोशन करेगे। विदित हो हॉकी मध्य प्रदेश की दोनो टीम डिवीजन ए मे शामिल है।

# जिले के युवाओं के लिए पीएससी की नि:शुल्क कोचिंग- कलेक्टर

### 15 अगस्त से शुरू होंगी कक्षाएं, 08 अगस्त तक भरें गूगल फॉर्म

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि जिले के विद्यार्थियों और युवाओं के लिए हमने पिछले वर्ष NEET, JEE और CLAT की निःशुल्क कोचिंग शुरू की थी और इस साल हमने PAT यानी प्री-एग्रीकल्चर टेस्ट की कोचिंग निःशुल्क शुरू की और अब इसी श्रृंखला में तीसरी निःशुल्क कोचिंग शुरू करने जा रहे हैं जो कि MPPSC की तैयारी की है, मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रतियोगिता परीक्षा की निःशुल्क तैयारी की कोचिंग दमोह जिले के युवाओं के लिए हम प्रारंभ करने जा रहे हैं। इसके लिए हम सोशल मीडिया के माध्यम से गूगल फार्म आप सब से शेयर कर रहे हैं और इस फॉर्म को दी हुई अंतिम तिथि 08 अगस्त तक भरकर के आप सबमिट कर दें और इसमें जो हमने निर्धारित योग्यता रखी है वह या तो पोस्ट ग्रेजुएट हों यानी स्नातकोत्तर या फिर ग्रेजुएट हों यानी स्नातक आपने पूर्ण कर लिया हो और या फिर आप ग्रेजुएशन के अंतिम वर्ष में हो तो आप यह फॉर्म भर सकते हैं तो आप सभी के लिए अवसर है जो MPPSC की तैयारी करके डिप्टी कलेक्टर या अन्य पदों पर अपना चयन कराना चाहते हैं, तो ऐसे विद्यार्थियों को प्रीलिम्स, मेंस और इंटरव्यू की तैयारी हम लोग निःशुल्क तरीके से कराएंगे तो आप लोगों से निवेदन है, जो भी इसमें रुचि लेते हो, हमारा बैच अधिकतम 60 बच्चों का रहेगा तदनुसार जो युवा इस लक्ष्य को प्राप्त करना चाहते हैं और यदि उनकी रुचि है तो कृपया हमारा गूगल फॉर्म भरकर अवश्य भेजें। गूगल फॉर्म भरने की आखिरी तिथि 08 अगस्त है।

# 5 पेटी अवैध शराब के साथ एक टू व्हीलर गाड़ी जब्त

**सिंग्रामपुर।** जबेरा थाना अंतर्गत सिंग्रामपुर चौकी के पोड़ी ग्राम के पास भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा सिंग्रामपुर से अबैध शराब ले जा रहे व्यक्ति को कल्याण संगठन के सदस्यों द्वारा पकड़ा गया जिसकी सूचना तुरंत सिंग्रामपुर पुलिस चौकी गई बताया जा रहा है कि अबैध शराब सिंग्रामपुर से पोड़ी टू व्हीलर पर ले जा रहा था जिसे पकड़कर पुलिस को सुर्पद किया गया। किसान मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश सिंह ने बताया पुलिस एवं संगठन के सहयोग से पांच पेटी अबैध शराब पकड़ी गई है। हमारे संगठन का उद्देश्य हर ग्राम के लोगों को शाराब, मांस आदि चीजों से मुक्त करना है। संगठन इस काम को सफल बना रही है इसी कड़ी में आज पुलिस के सहयोग से पोड़ी कंजई के बीच में टू व्हीलर वाहन से एक व्यक्ति अवैध शराब सिंग्रामपुर से पौड़ी ग्राम ले जा रहे थे। पुलिस एवं सदस्यों द्वारा घेराबंदी कर पांच पेटी अबैध शराब पकड़कर आरोपी को पुलिस को सोपा गया अबैध शराब पर आगे भी अंकुश लगाने कार्य निरंतर संगठन के सदस्यों का जारी रहेगा। सिंग्रामपुर चौकी प्रभारी राजीव पुरोहित ने बताया भगवती मानव कल्याण संगठन की सदस्यों द्वारा सूचना दी गई। एक व्यक्ति अवैध शराब लेकर पोड़ी ग्राम की ओर जा रहा है घेरा बंदी कर अबैध शराब के साथ आरोपी को पकड़ा जिनके पास 171 पाव लाल के 70 पाव सफेद ओर एक टू व्हीलर वाहन जप्त किया गया अबैध शराब की कीमत 23 हजार रू आकी गई है आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इस कार्यवाही में अध्यक्ष,प्रकाश सिंह प्रशांत तिवारी जितेंद्र राय प्रदीप गौड़ रतन यादव सुरेंद्र कुमार चंदन सिंह ठाकुर बीडीसी रणधीर मुंशी प्रधान आरक्षक महेंद्र सिंह आरक्षक शेलेन्द्र सिंह सैनिक शिव प्रसाद आदि की भूमिका रही।

# सिंग्रामपुर में संकल्प कांवड़ यात्रा का भव्य स्वागत

### प्रथम कावड़ यात्रा तिलवारा घाट से बांदकपुर तक 121 किमी का भव्य आध्यात्मिक सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर

सावन माह के पावन पर्व पर माँ नर्मदा के पावन तट तिलवारा घाट जबलपुर से श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर तक 121 किलोमीटर की कावड़ यात्रा की शुरुआत की गई है। इस यात्रा का उद्देश्य क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करना है संस्कृति एवं पर्यावरण राज्य मंत्री के अनुज सत्येंद्र सिंह ने कहा कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं बल्कि आस्था अनुशासन पर्यावरण प्रेम और हमारी संस्कृति से जुड़ी एक महत्वपूर्ण रीति भी है। यह शिव भक्ति के साथ-साथ जीवन में अनुशासन और सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण है। यात्रा तिलवारा घाट जबलपुर मार्ग कटंगी बाईपास बोरिया कटंगी गुबरा सिग्रामपुर पुरेनहाउ जबेरा कलेहरा घाना मैली चंडी चौपरा सिमरी रोंड बनवार होते हुये समापन 4 अगस्त दिन सोमवार को श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में होगा। द्वितीय दिवस में कावड़ यात्रा का सिंग्रामपुर में भव्य स्वागत किया गया। जहां ग्राम वासियों ने माननीय सत्येंद्र सिंह लोधी एवं सभी कावड़ यात्रियों का पुष्प मालाओं से स्वागत किया। शिव मन्दिर सिंग्रामपुर मे प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया। द्वितीय दिवस 1 अगस्त बोरिया से जबेरा आनंद धाम पुरेनहॉउ में रात्रि विश्राम, तृतीय दिवस 2 अगस्त जबेरा से रोड महादेव घाट रात्रि विश्राम, चतुर्थ दिवस 3 अगस्त रोड महादेव घाट से बांदकपुर में रात्रि विश्राम पंचम दिवस 4 अगस्त सावन के अंतिम सोमवार को प्रातः 6:00 बजे कांवड़ पूजन जलाभिषेक शिवलिंग महा आरती के साथ समापन होगा। कावड़ यात्रा में जिले भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी के साथ भव्य रूप से आयोजित की जा रही है और यात्रा मार्ग शिवमय होकर भोलेनाथ के जयकारों से गूंज रहा है।

